Rajasthan Patrika

Unemployed youth awaiting recruitment

'

जयपुर.

बिजली कम्पनियों में दस हजार से अधिक पद रिक्त चल रहे है, जहां नियमित भर्ती करने के बजाय सेवानिवृत हो चुके चहेते कर्मचारियों को कमान सौंपी जा रही है। अकेले जयपुर डिस्कॉम की बात की जाए तो पिछले दिनों में 250 से अधिक सेवानिवृत कर्मचारियों के रि-अपाइंटमेंट जारी किए गए।

ऐसे में फिर चाहे लेखाशाखा हो या तकनीकी विंग, बिजली दफ्तरों में इन दिनों अधिकांश काम सेवानिवृत कर्मचारियों के भरोसे ही है। खुद फील्ड अधिकारी भी स्टाफ की समस्या से परेशान है। लेकिन मौजूद हालात को देखते हुए वे भी बुजुर्ग कर्मचारियों से ही काम चला रहे हैं। हालांकि अभियंताओं के 1,124 पदों पर भर्ती निकालकर बेरोजगारों को कुछ राहत देने का प्रयास जरूर किया गया है।

बतौर नोडल एजेंसी राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने करीब 10 हजार नई भर्तियों का प्रस्ताव सरकार को भेज भी रखा है। वहां से हरी झण्डी मिलने तक इन पदों की भरपाई के लिए एकमात्र रास्ता सेवानिवृत कर्मचारियों को रि-अपाइंटमेंट के रूप में निकाला जा रहा है।

जयपुर डिस्कॉम ने हाल ही में मंत्रालयिक शाखा के 252, चतुर्थ श्रेणी में 33 व तकनीकी श्रेणी में 13 कर्मचारियों के सेवानिवृति के बाद पुन-नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

फील्ड में दयनीय हालत

250 की जरूरत जबकि अभी 189 सहायक अभियंता

876 की जरूरत कनिष्ठ अभियंता कार्यालयों की जबकि फिलहाल 638 दफ्तर संचालित

189 में से 20 से अधिक दफ्तरों पर उपभोक्ता संख्या 35 हजार तक पहुंच चुकी है

इधर, 1124 पदों के लिए भर्ती

प्रदेश में तकनीकी कर्मियों की भारी कमी से जूझ रही बिजली कम्पनियों में 1124 अभियंताओं की भर्ती होगी। पांच कम्पनियों की तरफ से बतौर नोडल एजेंसी राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम ने इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सहायक अभियंता के 284, कनिष्ठ अभियंताओं के 817 के अलावा कैमिस्ट के 23 पदों के लिए आवेदन मांगे गए है। इसके साथ ही भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन सेवा 9414056655 भी शुरू की है। सहायक अभियंता के लिए 15 सितम्बर व कनिष्ठ अभियंता और कैमिस्ट के लिए 21 सितम्बर से आवेदन शुरू होंगे।